schemes for inclusion in the Ninth Five Year Plan;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether any decision has been taken with regard thereto; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRIMATI RATNAMALA DEHARESHWAR SAVANOOR): (a) to (d) The Government of Maharashtra had proposed a Ninth Plan outlay of Rs. 45125 crores which was agreed to by the Planning Commission. The specific projects/schemes for inclusion within the overall plan ceiling of Rs. 45125 crores in the Ninth Plan are yet to be finalised.

रोजगार सृजित करने का लक्ष्य

2600. **श्री अजीत जोगी :**

श्री शमशेर सिंह सुरजेवाला :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान "नई आर्थिक नीति" के अंतर्गत रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किए गये हैं ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान कितने रोजगार के अवसर सृजित किए गए हैं ;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया था ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वर सवनूर) : (क) से (घ) नई आर्थिक नीति के पिछले तीन वर्षों के दौरान रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। फिर भी आठवीं पंचवर्षीय योजना में अपनाई गई रोजगार कार्यनीति का उद्देश्य मध्यवर्ती परिदृश्य में रोजगार पर अधिक ध्यान केन्द्रित करना है ताकि अगले 10 वर्षों के अन्दर बेरोजगारी को नगण्य स्तर पर लाया जा सके। वर्ष 2002 तक लगभग पूर्ण रोजगार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रोजगार की वृद्धि दर 2.6 से 2.8 प्रतिशत तक वार्षिक प्राप्त करनी होगी।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा किए गए रोजगार एवं बेरोजगार से सम्बन्धित पंचवर्षीय सर्वेक्षण देश में रोजगार एवं बेरोजगारी के बारे में व्यापक आंकड़े प्रदान करते हैं। ऐसे अद्यतन सर्वेक्षण 1993-94 की अवधि में संबंधित है (50वां राउण्ड)। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के अद्यतन सर्वेक्षण से प्राप्त सूचना के अनुसार 1987-88 और 1993-94 के दौरान देश में रोजगार की वृद्धि 2.23 प्रतिशत वार्षिक हुई है जो 2.6 से 2.8 प्रतिशत के वार्षिक आठवीं योजना लक्ष्य से कम है।

रोजगार की वृद्धि दर की उपलब्धि महत्वपूर्ण रूप से अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर और क्षेत्रकीय उप क्षेत्रकीय वृद्धि पैटर्न पर निर्भर करती है। वर्ष 1987-88 से वर्ष 1993-94 के दौरान पाई गई 2.23 प्रतिशत की रोजगार वृद्धि दर में आठवीं पंचवर्षीय योजना के केवल दो प्रारंभिक वर्ष ही आते हैं जिसके दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत वार्षिक के आठवीं योजना लक्ष्य से कम रही है।

Implementation of MPLADS by NGOs

2601. SHRIMATI BASANTI SARMA :

DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have issued instruction No. 3/97,